सड़क काटकर नाला निर्माण, संकरा हुआ मार्ग

आईटीआई रोड का अधूरा पड़ा नाला • जागरण

जागरण संवाददाता, फतेहपुर : देखरेख के अभाव में जिस तरह से शहर में नाला निर्माण हो रहा है उससे आने वाले समय में बड़ी मुसीबत होकर खड़ी हो जाएगी। भवनों के साइड में खाली जगह छोड़कर कराए जा रहे नाला निर्माण को लेकर स्थानीय जनता में खासा आक्रोश है। कार्यदाई संस्था द्वारा इसके पूर्व इसी सड़क में मार्ग को संकरा किए जाने का आरोप लगा था।

सदर पालिका के बांदा-टांडा मार्ग से पटेल नगर चौराहे तक नाला निर्माण का कार्य एक साल से चल रहा है। आईटीआई संस्थान के सामने नाला निर्माण की कार्य योजना पर प्रश्नचिह्न लगाया गया था। लोगों का आरोप था कि बिना वजह कार्यदाई संस्था ने युसुफ क्लब के सामने चार फिट जगह छोड़कर नाला निर्माण कर दिया है। जिससे मार्ग संकरा हो गया है। आने वाले समय में यह दिक्कत खड़ी करेगा। अब कार्यदाई

समस्या

- आइटीआइ रोड के पटेल नगर चौराहे के मुहाने पर आई दिक्कत
- आमदिनों में जाम की समस्या से आए दिन जूझते रहते शहरी

संस्था निर्माण कार्य करते हुए पटेल नगर चौराहे तक पहुंच गई है। चौराहे पर बने एक बड़े कॉम्प्लेक्स के सामने सड़क काटकर संकरी कर दी गई है जबकि भवन साइड में खाली जगह छोड़ दी गई है। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में पालिका चेयरमैन नजाकत खातून का कहना है कि नाला निर्माण जलभराव की समस्या से निजात के लिए कराया जा रहा है। जगह छोड़कर सड़क को संकरा नहीं करने दिया जाएगा। इस संबंध में डीएम से दूरभाष पर वार्ता हुई है। मंगलवार को वह पूरा पक्ष रखने जाएंगी।

संदिग्ध हाल
व्यापारी लाप

हथगाम : कस्बा के चौक मोह
बक्सा कारीगर मो. रशीद
रशीद रविवार को कार चालक
-चौक के साथ कार से तमा
थे। देर शाम कार चालक गा
गया लेकिन व्यापारी नहीं आए
भाई ने चालक से पूछा तो वह
करता रहा जिस पर व्यापारी के
ने कोतवाली में तहरीर देकर
आशंका जताई है। व्यापारी
का कहना था कि भाई मो. रशी
परियांव, हथगाम आदि क्षेत्रों में
गए थे। अनुमान है कि भाई के
रुपया वसूली का रहा है। उसके
लापता हो गए, लेकिन कार
बता नहीं रहा है, जबकि वह
था। जिस पर कोतवाली प्रभारी
चालक को पूछताछ के लिए यु

युवती को अगवा किया : थि
थानाक्षेत्र के मड़ौली गांव
बाइक सवार युवकों ने घर
वर्षीय युवती को अगवा कर
ने पुलिस को तहरीर दी है। पु
की जांच में जुटी है। मड़ौली
मुन्ना निषाद के घर रात 9
बाइक सवार दो युवक पहुंचे
मौजूद 18 वर्षीय युवती को
बुलाकर उक्त दोनों बाइक
निकल गए। पुलिस को दी त
निषाद ने बताया कि गांव के
पंकज ने अपने साथियों की
को अगवा किया है। सुबह उ
जानकारी हुई। काफी खोज
कोई सुराग नहीं लग पा रहा
युवती के पिता की तहरीर
मामले की जांच कर रही है।